तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025



13 5000 से ज्यादा आबादी वाले गांव में सबसे ...





14 डीसी कार्यालय पर केंद्र सरकार के खिलाफ ...




## खबर संक्षेप

### डॉ. ऋषिपाल कुवि कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत



**कुरुक्षेत्र।** वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. ऋषिपाल को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा आगामी एक वर्ष की अवधि हेतु किया गया है। डॉ. ऋषिपाल ने अपने मनोनयन पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह उनके लिए केवल एक दायित्व नहीं, अपितु एक सृजनात्मक उत्तरदायित्व है।

### नशा तस्करी का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल ने नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक और सफलता हासिल की है। बीती शाम उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में टीम ने गांव मलिकपुर, थाना घरौंडा निवासी मनजीत पुत्र रमेश को गिरफ्तार किया। पहले इसी मामले में रतन सिंह और सुखविंदर सिंह को 29,400 लोमोटिल नशीली गोलियों और 4,920 नशीले कैप्सूलों सहित पकड़ा गया था।

### 6.97 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** हजारों रुपये की हेरोइन लेकर कहीं तस्करी करने जा रहे एक नशातस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 6.97 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब 21 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरु कर दी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज सोना जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी साहिल उर्फ शैली को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ति महिला ने 14 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी साहिल उर्फ शैली ने उसके घर की अलमारी का ताला तोड़कर सोना जेवरात चोरी किए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### फायर करने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज गाड़ी पर फायर करने के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी आकाश को गिरफ्तार किया है। अब तक कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है पंजलासा के ललित ने 21 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसकी गाड़ी पर फायर करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# ट्विन सिटी में 15 मिनट के भीतर दो व्यापारियों के घर और कार्यालय पर हुई फायरिंग से दहशत

▶▶ पुलिस ने गोली के खोल किए बरामद ▶▶ शहर में नाकाबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का किया प्रयास

■ पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ट्विन सिटी में 15 मिनट के भीतर दो व्यापारियों के घर व कार्यालय पर फायरिंग होने से दहशत फैल गई। हालांकि गोली लगने से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। पुलिस ने दोनों स्थानों से गोली के खोल बरामद किए हैं। इसके बाद पुलिस ने शहर में नाकाबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस सूत्रों की माने तो दोनों स्थानों पर एक ही बदमाशों द्वारा फायरिंग की गई है। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सरोजनी कॉलोनी फेस वन निवासी रवि कपड़ा व्यापारी है। बताया जा रहा है कि बदमाशों द्वारा रवि कुमार से फिरौती मांगी गई थी। पैसे न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद से पुलिस अधीक्षक द्वारा रवि कुमार को सुरक्षा मुहैया करवाई गई थी। सोमवार रात को करीब 10 बजे रवि कुमार अपने घर पर खाना खा रहा था। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। आरोपियों ने आते ही घर के बाहर खड़ी उसकी कार पर दो राउंड फायर किए। गोली चलने की आवाज सुनकर जब रवि कुमार व उनके पड़ोसी घर से बाहर आए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। एएसपी अमरिंद्र सिंह, सीआईए वन, सीआईए टू व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कपड़ा व्यापारी रवि कुमार से बातचीत की। जांच करने पर पुलिस ने मौके से गोली के खोल बरामद किए।





**यमुनानगर।** फायरिंग की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आरोपी एवं फायरिंग के बाद जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### इंजीनियरिंग कंपनी के मालिक के कार्यालय पर फायर

इसके बाद बदमाश शहर के आईटीआई के नजदीक स्थित हरबंसपुरा कॉलोनी में सहमी इंडस्ट्रीज व जमुना इंजीनियरिंग कंपनी के मालिक रविंद्र पाल सिंह व उसके भाई गुरदीप सिंह के कार्यालय पर पहुंचे। हालांकि उस समय कार्यालय बंद था और शटर लगा हुआ था। रविंद्र पाल व गुरदीप सिंह का घर भी कार्यालय के नजदीक ही है। आरोपी बदमाशों ने आते ही कार्यालय के शटर पर चार राउंड फायर किए। गोली शटर को पार कर अंदर दरवाजे के शीशे पर लगी। जिसे शीशा टू गया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर रविंद्र पाल व गुरदीप तथा अन्य पड़ोसी घरों से बाहर आए तो उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद एएसपी अमरिंद्र सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### नाकाबंदी कर पकड़ने का प्रयास

दोनों घटनाओं के बाद पुलिस ने शहर में नाकाबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के साथ लगते नाकों पर विशेष नजर रखी। इस दौरान पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान संदिग्धों से पूछताछ की। मगर आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया। एएसपी अमरिंद्र सिंह ने बताया कि जिस प्रकार से दो स्थानों पर फायरिंग की गई है यह एक ही गिरोह के सदस्यों का काम है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिफ्तार कर लिया जाएगा।

# कुवि के 19 विद्यार्थियों की हुई कैंपस प्लेसमेंट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केंद्र द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए के 19 विद्यार्थियों की कैम्पस प्लेसमेंट हुई। इसकी जानकारी देते हुए प्लैसमेंट आफिसर और केयूसीटीआईई के कोऑर्डिनेटर डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि बैंगलौर की जानमानी कम्पनी अवैरेशिस साल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा विश्वविद्यालय के एमबीए के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन मोड से प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आनलाइन माध्यम से परीक्षा और सामूहिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसके पश्चात व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया जिसके परिणाम स्वरूप 13 विद्यार्थियों का चयन कम्पनी द्वारा अंतिम रूप से किया गया। इन विद्यार्थियों को 4 लाख से 6 लाख रुपये का वार्षिक वेतन कंपनी की तरफ से दिया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों में अजय, चिराग, हर्षित, कृष्ण कुमार, नेहा, रिया, तन्वी, भावना, खुशी, लोकेश शर्मा, शिवानी, चिनी सिंगला और रजत कपूर शामिल हैं। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों के चयन पर विद्यार्थियों व पूरी प्लेसमेंट टीम को बधाई दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बहुराष्ट्रीय कम्पनी मैक्कर द्वारा भी 6 विद्यार्थियों का चयन किया गया। कम्पनी के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय का दौरा करके विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया। इस कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 35 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कम्पनी चयनित विद्यार्थियों को 4 लाख सालाना वेतन भत्तों के रूप में देगी। चयनित छात्र-छात्राओं में अंकुर, रिया, खुशी, वंशिका, श्वेता और भावना शामिल है।



# अंबाला में युवाओं को भारतीय सेना में करियर बनाने के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

सेना भर्ती मुख्यालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल केपी सिंह ने युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस सिलसिले में युवाओं का मार्गदर्शन करने हेतु उन्होंने आर्मी पब्लिक स्कूल,अंबाला कैंट का दौरा किया। इस कार्यक्रम में 250 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपने संबोधन के दौरान मेजर जनरल सिंह ने भारतीय सेना के शौर्य और साहस पर प्रकाश डाला और ऑपरेशन सिंदूर को उनकी असाधारण सेवा का प्रमाण बताया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय सेना राष्ट्र की सेवा करते हुए व्यक्तिगत विकास के लिए एक मंच प्रदान करती है जिसमें लड़के और लड़कियों दोनों को अधिकारी बनने के अवसर मिलते हैं। अपर महानिदेशक ने युवा छात्रों को भारतीय सेना में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही राष्ट्र निर्माण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता और साहस, अनुशासन और निस्वार्थता के मूल्यों पर ज़ोर दिया। इस संवाद ने छात्रों को सशस्त्र बलों में करियर के माध्यम से राष्ट्र सेवा की संभावनाओं को तलाशने का मार्ग प्रशस्त किया।



**अंबाला।** छात्रों को संबोधित करते अपर महानिदेशक केपी सिंह।

# फर्जी डॉक्टर ने 1200 में बेची एमटीपी किट, काबू

■ प्रतिबंधित दवाई लेने के बाद महिला को हो गई ज्यादा ब्लीडिंग, नागरिक अस्पताल में दाखिल होते ही चिकित्सक की खुली पोल, कई धाराओं के तहत दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

फर्जी डिग्री के जरिए कक्कड़ माजरा गांव में क्लीनिक चलाने वाले चिकित्सक को अंबाला व पंचकूला पीएनडीटी की संयुक्त टीम ने छापा मारकर काबू किया है। चिकित्सक की पहचान पश्चिम बंगाल के डॉ. आशित विश्वास के रूप में हुई है। इस चिकित्सक ने एक सप्ताह पहले ही एक महिला को 1200 सौ में एमटीपी किट बेची थी। इसके बाद ही मामला सामने आया था।

जब दोनों जिलों की टीमें मौके पर पहुंची तो चिकित्सक से डिग्री मांगी। चिकित्सक पश्चिम बंगाल की आरएमपी डिग्री दिखाने लगा। यह डिग्री हरियाणा में वैध नहीं है। इसी आधार पर टीमों ने कार्रवाई करते हुए चिकित्सक को काबू किया। इसके साथ ही टीमों ने डॉ. बंगाली माता जी क्लीनिक को सील कर दिया गया है। क्लीनिक से मिले उपचार के सामान व दवाओं को भी जब्त कर लिया गया है। हालांकि टीम को जांच के दौरान एमटीपी किट क्लीनिक से नहीं मिली है। जिला पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. विपिन भंडारी ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही महिला अपना गर्भपात के लिए आरोपी चिकित्सक के पास आई थी। यहां पर चिकित्सक ने महिला को एमटीपी किट दे दी। जिसे लेने के बाद महिला को रक्तस्त्राव शुरू हो गया था। समस्या बढ़ने पर जब महिला नागरिक अस्पताल पहुंची तो मामला सामने आया। इसके बाद जांच टीम ने क्लीनिक पर दबिश दी। हालांकि दबिश के दौरान क्लीनिक से कोई अन्य एमटीपी किट नहीं मिली है। मगर टीम ने गर्भपात करवाने वाली महिला से चिकित्सक की पहचान करवाई।

पीएनडीटी की टीम ने उक्त चिकित्सक के खिलाफ एमटीपी एक्ट और फर्जी डिग्री के सहारे उपचार करने के मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया है। अब चिकित्सक से एमटीपी किट के बारे में पूछताछ की जाएगी। इससे पहले भी एक मेडिकल स्टोर संचालक एमटीपी किट बेचते हुए काबू किया था। जिसमें कंपनी का मैनेजर व सेल्समैन भी गिरफ्तार किया गया था।

# नाबालिग से यौन उत्पीड़न के दोषी को 4 वर्ष की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग लड़की से यौन उत्पीडन करने के आरोपी थाना केयूके एरिया वासी व्यक्ति को सुनाई 4 साल कठोर कारावास व 40 हजार रुपये जुर्मानें की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 19 दिसम्बर 22 को थाना बाबैन एरिया वासी एक महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी 13 साल की नाबालिग लडकी है। वह अपने मायका गई हुई थी। 18 दिसम्बर 22 की शाम के समय उसकी लड़की ने उसको फोन किया और रोते हुए बताया कि जब वह खाना बना रही थी तो उसी समय उसके पिता का दोस्त उनके घर आया और उसके साथ छेड़छाड़ की। जिसकी शिकायत पर थाना बाबैन में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच की गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 354 के तहत 4 साल कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुमार्नें की सजा सुनाई है।



### आयुष विश्वविद्यालय में सेवा ट्रस्ट यूके ने वितरित की प्लेटीफॉल्ट टैबलेट

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में सेवा ट्रस्ट यूके के प्रतिनिधियों द्वारा मरीजों को प्लेटीफॉल्ट टैबलेट वितरित की गई। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान तथा कुलसचिव प्रो.वैद्य ब्रिजेंद्र सिंह तोमर से शिष्टाचार भेंट कर आयुष क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने सेवा ट्रस्ट यूके के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवी संगठनों की ऐसी पहल विश्वविद्यालय की सेवाभावी नीतियों को और अधिक सशक्त बनाती हैं। कुलसचिव प्रो.तोमर ने भी ट्रस्ट के प्रयासों को प्रेरणास्पद और रोगियों के लिए सहायक बताया।

# कहासुनी पर परिवार के आधा दर्जन लोगों ने दो भाइयों पर चाकू व गंडासे से बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव शादीपुर में मामुली सी कहासुनी होने पर आधा दर्जन लोगों ने दो भाईयों पर चाकू व गंडासे से हमला कर घायल कर दिया। घायल दोनों भाईयों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव शादीपुर निवासी शाबिद खान ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही मोहम्मद अब्बास के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। शाबिद खान ने बताया कि 13 जुलाई को शाम पांच बजे वह गांव में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी मोहम्मद अब्बास ने अपने परिवार के सदस्यों सलामन, आस मोहम्मद, आरिफ, सादिक उर्फ काका व महरूफ के साथ मिलकर उसे रोक लिया और उस पर चाकू, गन्ना काटने का गंडासा व डंडों से हमला कर दिया। उसका भाई साजिद जब उसे आरोपियों से छुडवाने के लिए आया तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# शराब का ठेका बंद करवाने को लेकर दुर्गा गार्डन कॉलोनी के लोगों ने किया हंगामा

## पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा कर किया शांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी के दुर्गा गार्डन कॉलोनी में खुले शराब के ठेके को बंद करवाने की मांग को लेकर बीती रात कॉलोनी के लोगों ने ठेके सामाने हंगामा किया। इस दौरान लोगों ने कॉलोनी व आसपास बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा कर शांत किया। सोमवार रात करीब दस बजे दुर्गा गार्डन कॉलोनी के लोग कॉलोनी में खुले शराब के ठेके के सामने इकट्ठा हो गए। लोगों ने शराब का ठेका बंद करवाने की मांग को लेकर रोष प्रकट किया। इस दौरान लोगों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। कॉलोनीवासी तारो देवी, कैलाश चंद, तेजबाला, संगीता व राजदेवी ने बताया कि पहले भी कॉलोनी के लोगों ने यहां से शराब का ठेका बंद करने की मांग की थी। मगर फिर से यहीं पर शराब का ठेका खोल दिया गया। कॉलोनी में खुले शराब ठेके के कारण आसपास अशांति फैल रही है। शराब पीकर लोग गलियों में हुड़दंग मचाते हैं। जिससे न केवल माहौल खराब हो रहा है बल्कि महिलाओं और बच्चों के लिए असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। इस ठेके के कारण बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले भी इस ठेके को बंद कराने की मांग की थी लेकिन प्रशासन ने इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की।



**यमुनानगर।** जगाधरी की दुर्गा गार्डन कॉलोनी में ठेके के बाहर प्रदर्शन करते लोगों को समझाती पुलिस।

जांच | कृषि विज्ञान केंद्र दामला के कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने रादौर के खेतों का किया निरीक्षण

**पोक्का, बोइंग, चोटी बेधक व रस चूसक कीड़ों का प्रकोप**

# कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ने के खेतों में निरीक्षण कर फसल में की बीमारियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र उचानी करनाल व कृषि विज्ञान केंद्र दामला के कृषि वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम ने मंगलवार को रादौर क्षेत्र के आधा दर्जन गांव के खेतों में गन्ना की फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ने की फसल में पोक्का, बोइंग, चोटी बेधक व रस चूसक कीड़ों का प्रकोप मिला। कृषि वैज्ञानिकों ने मौके पर किसानों की फसल पर आ रही बीमारियों के बचाव के लिए जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र दामला के समन्वयक डॉ. संदीप रावल ने बताया कि संयुक्त टीम में शामिल कृषि वैज्ञानिक डॉ. महा सिंह, डॉ. अराधना, डॉ. हरबिंदर सिंह, डॉ. नवीन कुमार व डॉ. विजेता गुप्ता ने मंगलवार को यमुनानगर शुगर मिल क्षेत्र के गांव करतारपुर, बकाना, धोली, मोहड़ी व अलाहर के गन्ने के खेतों में पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान गन्ना की फसल में पोक्का, बोइंग, चोटी बेधक व रस चूसक कीड़ों का गन्ना की फसल में प्रकोप मिला। उन्होंने बताया कि गन्ना की सीओ 9118 व सीओ 0238 पर पोक्का बोइंग बीमारी का सबसे ज्यादा प्रकोप पाया गया। वहीं, गन्ना की सीओ 0238 किस्म में चोटी बेधक का प्रकोप मिला । जो 5.0 प्रतिशत एवं आर्थिक कगार (ईटीएल) से कम था। इसलिए चोटी बेधक के लिए किसी स्प्रे की जरूरत नहीं है। केवल चोटी बेधक युक्त पौधों को खेत से निकाल कर नस्ट कर दें। कृषि वैज्ञानिकों ने पोक्का बोइंग रोग के उपचार के लिए किसानों को फफूंदी नाशक कार्बेडाजिम 0.2 प्रतिशत व परोपकोनाजोल 0.1 प्रतिशत की दर से स्प्रे करने की सलाह दी। वहीं, रस चूसक कीड़ो के नियंत्रण के लिए 600 मिली डाईमेथोएटे (रोगोर) 30 ईसी प्रति एकड़ की दर से स्प्रे करने के लिए कहा। कृषि वैज्ञानियों ने किसनों को बताया कि गन्ने की फसल में स्प्रे के लिए 300-400 लीटर पानी का उपयोग करना चाहिए।



**यमुनानगर।** गांव करतारपुर में गन्ने की फसल में बीमारियों की जांच करते हुए कृषि वैज्ञानिक।

**खबर संक्षेप**

### युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने एक युवक पर उसका पीछा कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अर्जुन नामक युवक उसे काफी दिन से परेशान कर रहा था। युवती ने बताया कि सोमवार को वह सुबह 10 बजे यमुनानगर आई थी। इस दौरान अर्जुन ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया और उसके साथ छेड़छाड़ की।

### शिविर में 150 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**यमुनानगर।** मानव कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के आजाद नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ समिति के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने किया। डॉ. शशी व डॉ. नीरज शर्मा की टीम ने अन्य सदस्यों के साथ मौजूद थे।

## एडिशनल एसपी ने कांवड़ियों के शिविरों व रुट का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

# कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस की है नजर: अमरेंद्र

- जिले में कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह पुलिस कर्मचारी किए तैनात

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर जिले में कांवड़ यात्रा मार्गों पर पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह पर जहां भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। वहीं, पुलिस अधिकारियों द्वारा कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों, कांवड़ियों के शिविरों और कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

इसी क्रम में एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने जिले में कांवड़ यात्रा के लिए बनाए गए मार्गों, कांवड़ियों के शिविरों और इंतजामों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों के शिविरों में जाकर उनसे बातचीत की और संबंधित पुलिस कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।




**यमुनानगर।** कांवड़ यात्रा मार्ग पर तैनात पुलिस बल और कांवड़ शिविर में निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह। फोटो: हरिभूमि

गत शुक्रवार से कांवड़ यात्रा शुरु हो चुकी है। जिसके बाद हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर ककांवड़िए जिले के मार्गों से होकर अपने अपने गंतव्यों पर लौटने शुरु हो गए हैं। कांवड़ियों के लिए जहां श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर उनके ठहरने, खाने और विश्राम के लिए शिविर लगाए गए हैं। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा भी कांवड़ियों की सुरक्षा और उन्हें सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने जिले में कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया है।

वहीं, दिन और रात्रि के समय पुलिस की गश्त तेज कर दी गई है। जिले में जगह जगह कांवड़ यात्रा मार्गों पर नाके लगाकर संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं, मार्गों पर भी जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया है।

### कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने कहा कि यात्रा के दौरान कांवड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। जो पुलिस कर्मचारी उनकी सुरक्षा व्यवस्था में लगे हैं वह अपनी ड्यूटी को निष्ठा और लगन से निभाएं। यात्रा शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए लगाए गए एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड पर तैनात कर्मचारियों को मुस्तैद रहने की हिदायत दी। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को कांवड़ियों की पद यात्रा में कोई ट्रैफिक जाम नही होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कावड़ यात्रा के लिए बनाए गए शिविरों का भी निरक्षण किया। शिविर के संचालको को साफ. सफाई के सख्त दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एडिशनल एसपी ने कांवड़ियों के आवागमन को लेकर सभी एसएचओ को अपने अपने एरिया में गस्त लगाने के आदेश दिए।

### दो घरों से नकदी समेत लाखों का सामान चोरी

- पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** ट्विन सिटी में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-17 निवासी रीटा गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो जुलाई को सुबह 11 बजे वह किसी काम से घर से बाहर गई थी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे 56 हजार रुपये तथा सोने व चांदी के आभूषण गायब मिले। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब छह लाख 31 हजार रुपये है।

उधर, शिवपुरी बी निवासी लेखराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 जुलाई की रात को नौ बजे घर का ताला लगाकर काम पर चला गया था। सुबह सात बजे जब वह वापस घर लौटा तो ताला टूटा पड़ा था। जांच करने पर घर से 17 हजार रुपये, चांदी के जेवर, इनवर्टर बैंटरी, तांबे के बर्तन व अन्य आभूषण गायब मिले।

# मेयर ने कीर्ति नगर नाले का किया निरीक्षण

- तेजली खेल परिसर का भी लिया जायजा, सीवरेज लाइनों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

ट्विन सिटी में भविष्य में बारिश से जलभराव न हो इसके लिए मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को इंजीनियरिंग ब्रांच व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ड नौ के कीर्ति नगर में पहुंचकर नाले का निरीक्षण किया। जांच में पता चला कि नाले का पानी ओवरफ्लो होकर तेजली खेल परिसर में जा रहा है। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने इंजीनियरिंग ब्रांच व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस समस्या का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** कीर्ति नगर में नाले का निरीक्षण करती मेयर सुमन बहमनी।

मेयर सुमन बहमनी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कीर्ति नगर व तेजली खेल परिसर के पास सीवरेज लाइन की मशीन द्वारा सफाई कराने के निर्देश दिए। ताकि सीवरेज ब्लॉक होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। ताकि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को नगर निगम क्षेत्र की सभी सीवरेज लाइनों को दुरुस्त करने और उसकी सही ढंग से सफाई करने के भी निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम की इंजीनियरिंग ब्रांच के अधिकारियों को सीवरेज में जा रहे नालों पर जाल लगाने और क्षतिग्रस्त नालों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि खेल परिसरों की सुविधाएं सुदृढ़ हों और युवाओं को अभ्यास के लिए स्वस्थ व सकारात्मक वातावरण मिले। शहरवासी स्वस्थ रहें इसके लिए नगर निगम द्वारा सभी पार्कों में ओपन जिम लगाए हुए हैं। जहां रोजाना शहरवासी व युवा अभ्यास कर शरीर की फिटनेस पर ध्यान दे रहे हैं। मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सन्नी सिंह, नगर निगम जेई अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# जड़ौदी में आठ लाख की लागत से बनेंगी गलियां: मेयर

- मेयर ने निगम के वार्ड नंबर एक के गांव जड़ौदी में गलियों व नालियों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की मेयर सुमन बहमनी ने निगम के वार्ड नंबर एक के जड़ोदी गांव में आठ लाख रुपये की लागत से गलियों व नालियों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। मौके पर वार्ड एक की पार्षद रीना रस्तोगी मौजूद रही। उन्होंने मेयर सुमन बहमनी द्वारा उनके वार्ड में गलियों व नालियों के निर्माण कार्य को शुरु किए जाने पर आभार जताया।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि गांव की ये गालियां काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। अब गांव में गलियों का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया जाएगा। गलियों के बनने से गांव के लोगों की राह आसान होगी और पानी निकासी की समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं है। बल्कि हर वार्ड तक मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाना है। यह विकास कार्य जनता को जल निकासी की समस्या से राहत देंगे और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चिच करेंगे। गलियों व सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आसान राह मिलेगी। मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित एजेंसियों व ठेकेदारों को कड़े निर्देश दिए कि वे इन विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल करें। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल, पक्की गलियां, नालियां, सीवर लाइन, बिजली सभी नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताएं हैं। इन सभी आवश्यकताओं को पूरा कराने के लिए हम प्रयासरत हैं। हमारा प्रयास हर नियमित कॉलोनी में पक्की गलियों, नालियों, बिजली व पेयजल की व्यवस्था कराना है। जिन भी नियमित कॉलोनी में ये सुविधाएं नहीं हैं।



**यमुनानगर।** जड़ौदी गांव में गलियों व नालियों के निर्माण का शुभारंभ करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि



**यमुनानगर।** जनता पब्लिक स्कूल अलाहर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में स्कूल के विद्यार्थियों का जांचा स्वास्थ्य

**रादौर।** नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में रादौर क्षेत्र के गांव अलाहर स्थित जनता पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट की चिकित्सकों की टीम ने सैंकड़ो बच्चों और स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच कर मुफ्त में दवाइयां वितरित की। स्कूल के प्रबंधक मुकेश शास्त्री ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल का यह एक बहुत ही अच्छा प्रयास है। जो ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम ने बच्चों के सभी टेस्ट मुफ्त करवाए। यथा संभव दवाइयां भी मौके पर मुफ्त प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बहुत बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। उनका यह कार्य सराहनीय है। उन्होंने चिकित्सा शिविर के लिए कुरूक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल का हार्दिक आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। उन्होंने बच्चों को बरसात के मौसम में अपने खानपान में ऐहतियात बरतने के लिए भी जागरुक किया। मौके पर डॉ. प्रमोद, नीरू, चेतन, स्टाफ सदस्य रूबी कांबोज, अखिल कांबोज, नेहा शर्मा, हिमांशु शर्मा, पूजा, शोभा व निशा आदि मौजूद रहे।

# प्लेसमेंट ड्राइव में बी.फामेसी अंतिम वर्ष के नौ विद्यार्थियों का हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर**

- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फामेसी में बी. फार्मेसी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में बी.फार्मेसी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में पंचकूला स्थित जेनोटिस फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक सुश्री निलाक्षी शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख रविंदर सिंह व क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक सुखदीप सिंह ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसमें नौ विद्यार्थियों का चयन किया गया।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में जेनोटिस फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक सुश्री निलाक्षी शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख रविंदर सिंह व क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक सुखदीप सिंह ने सबसे पहले स्क्रीनिंग टेस्ट और व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया। इसके बाद अन्य टेस्ट लिए गए। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता, संवाद कौशल और उद्योग के प्रति तत्परता का प्रदर्शन किया। साक्षात्कार के पहले चरण के बाद नौ विद्यार्थियों आमिर हुसैन, आरजू गर्ग, अनिकेत चौधरी, देवेंद्र शर्मा, प्रीतम कुमार बारिक, रौनक कुमार पांडे, समीर सलमानी, संयम कांबोज और सुभाशीष नायक का चयन किया गया। चयनकर्ता टीम ने विद्यार्थियों की तैयारी, आत्मविश्वास और व्यवहारिकता की सराहना की। प्राचार्य डॉ. अश्वनी ढींगरा ने विद्यार्थियों के चयन पर संस्थान की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ उद्योग से जुड़ी व्यावहारिक समझ भी विद्यार्थियों को प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा संकाय सदस्यों के सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया। संस्थान प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों का अपनी प्रसिद्ध कंपनी में चयन करने के लिए आभार जताया।



**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों का साक्षात्कार लेते कंपनी के अधिकारी।

# महिला सरपंच ने गांव के दो लोगों पर लगाया हमला करके अभद्र व्यवहार करने व कपड़े फाड़ने का आरोप

- पीड़ित महिला सरपंच ने पंचो के साथ जिला सचिवालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

जिले के तारणवाला की महिला सरपंच ने गांव के दो लोगों पर उसके ऊपर हमला करने, अभद्र व्यवहार करने व कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ति महिला ने ग्राम पंचायत के पंचो के साथ जिला सचिवालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने व उसके मान सम्मान की सुरक्षा किए जाने की मांग की है।

तारणवाला की महिला सरपंच मोनिका देवी ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में दी शिकायत में बताया कि गांव कुछ लोगों ने पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है। कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत ने उन लोगों को ग्राम पंचायत की भूमि पर किए गए अवैध कब्जा को हटाने के लिए कहा गया था। जिसके बाद से ग्राम पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा किए गए दो लोग उससे व उसके पति से रंजिश रखने लगे। महिला सरपंच ने बताया कि सुबह के वक्त वह मंदिर में पूजा करने के लिए जा रही थी। इस दौरान उससे व उसके पति से रंजिश रख रहे दो लोगों ने रास्ते में उस पर हमला कर दिया और उसके कपड़े फाड़ दिए। उसने मौके से भाग कर मंदिर में घुसकर अपनी जान बचाई। महिला सरपंच ने आरोप लगाया कि इस दौरान आरोपियों ने पूरे मामले की वीड़ियो भी बना ली। महिला सरपंच मोनिका देवी ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होते हुए भी वह अपना मान सम्मान बचाने के लिए लड़ रही है। उसने शिकायत देकर पुलिस अधीक्षक आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने और उसके मान सम्मान की सुरक्षा किए जाने की मांग की है। मौके पर पंच नवीन शर्मा समेत अन्य पंच व ग्रामीण भी मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में पुलिस अधीक्षक को पंचों व ग्रामीणों के साथ शिकायत देने के लिए जाती पीड़ित महिला सरपंच।

# भाकियू का प्रतिनिधिमंडल समस्याओं को लेकर एसडीएम रादौर से मिला

- रादौर में दमकल की गाड़ी खड़ी किए जाने के लिए स्थान निर्धारित करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर**

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने रादौर के एसडीएम नरेंद्र सिंह से मिलकर कस्बा में दमकल की गाड़ी खड़ी किए जाने के लिए स्थान निर्धारित किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने किया। यूनियन के जिला प्रधान सुभाष गुर्जर ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहले रादौर के बस स्टैंड पर खड़ी होती थी, लेकिन अब उसे वहां खड़ी करने से मना कर दिया गया है।

इसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मार्केट कमेटी कार्यालय अनाजमंडी में खड़ी होने लगी। मगर अब वहां से भी उसको हटाया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की गाड़ी का फायदा सबसे ज्यादा किसानों को होता है। क्योंकि किसान के खेत में बिजली की तारों की वजह व अन्य किसी वजह से कभी भी आग लग सकती है। इस गाड़ी को पहले यमुनानगर से आने में आधा घंटा लगता था। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी की प्रशासन रादौर में ही स्थाई तौर पर व्यवस्था करें। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन उसके बारे में कडा निर्णय लेगी। एसडीएम नरेंद्र सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी का पहले से ही प्रपोजल बनाकर फायर ब्रिगेड विभाग व जिला उपायुक्त को भेज दिया है। जल्द ही रादौर में फायर ब्रिगेड का कार्यालय बनाया जाएगा। इस अवसर पर महेंद्र कांबोज चमरौडी, अशोक डांगी, साहिल सेतिया नंबरदार, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा जुब्बल व उदय सिंह कुंजल आदि किसान मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर में एसडीएम नरेंद्र सिंह से मिलते हुए भाकियू का प्रतिनिधिमंडल।

## भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की गिनवाई उपलब्धियां

# केंद्र की मोदी सरकार ने आमजन के सपनों को साकार करने का किया काम: कटारिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में आमजन के सपनों को साकार करने का काम किया है। आज पूरे विश्व में भारत की लीडरशिप की चर्चा की जा रही है। उक्त बात भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं गेल की पूर्व स्वतंत्र निदेशक बंतो कटारिया ने छछरौली में जनसंपर्क के दौरान पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग के कार्यालय में बातचीत करते हुए कही। मौके पर एसएस बोर्ड के पूर्व चेयरमैन भोपाल सिंह खदरी भी मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आज भारत की लीडरशिप की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। भारत के विश्व गुरु बनाने के संकल्प के साथ मोदी सरकार बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज कई पड़ोसी देशों में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय को मजबूत किया है। बंतो कटारिया ने कहा कि यह वही भारत है जिसको सोने की चिड़ियां कहा जाता था। मगर आज भारत को सोने का शेर कहा जाता है। बंतो कटारिया ने कहा कि अब भारत दुश्मनों से आंख झुका कर नहीं बल्कि आंखों में आंख डाल कर बात करता है। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर ने यह साबित किया हैं कि भारत अब आतंकियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देना जानता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि मोदी सरकार ने आमजन के सपनों को साकार करने का काम किया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में रोजगार मेले के माध्यम से विभिन्न विभागों में अभ्यार्थियों का चयन कर उनको नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार पूरी पारदर्शिता से लाखों युवाओं को सेवा का अवसर प्रदान कर चुकी है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश सरकार देश और प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के जनकल्याण और विकास के कार्य कर रही हैं। मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने छछरौली क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की ओर से बंतो कटारिया का जोरदार स्वागत किया।



**यमुनानगर।** छछरौली में जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों से बातचीत करती हुई बंतो कटारिया व अन्य।

## खबर संक्षेप



### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** गीता स्कूल के आचार्य तथा मेधावी छात्रों को भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र की ओर से वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान, अनुज वालिया, जयदीप मेहता, पंकज गर्ग व विद्यालय के छात्र आयुष, चेतन, कुशल पाल जो कक्षा 11 के छात्र हैं इन सभी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के डॉक्टर हरि प्रकाश शर्मा. डॉ रमेश ढांड आदि को सम्मानित किया।

### गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित



**कुरुक्षेत्र।** भारत विकास परिषद की संस्कार गतिविधि के संयोजक डॉ हरिप्रकाश पूर्व कोषाध्यक्ष जयप्रकाश, बैंक से सेवानिवृत पूर्व कोषाध्यक्ष दिनेश सिंहल, प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल, कोषाध्यक्ष मनोज सेतिया और भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष तथा विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य हरविंदर बंसल, प्रबंध समिति की सदस्या किरण गर्ग तथा प्रधानाचार्य यशपाल वधवा ने गुरू वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए नमन किया।

### डीएलएसए ने लगाया सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा रोड़ रुलस लाईफ टुलस कैंपेन चलाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मथाना में विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा नियम, गुड स्मार्टियन लॉ, क्लेम प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

### वर्चुअल पैनल चर्चा का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा एनटीटीएफ और नेशनल स्किल्स नेटवर्क के सहयोग से नवीन अवसरः कुरुक्षेत्र से विश्व तक कौशल और आकांक्षाओं की यात्रा एक विशेष वर्चुअल पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस वर्चुअल पैनल चर्चा सत्र में सांसद नवीन जिन्दल के विजन और पहल पर चर्चा हुई।

## जिला परिषद की बैठक में चेयरमैन कंवलजीत कौर ने दी जानकारी

# 5000 से ज्यादा आबादी वाले गांव में सबसे ज्यादा सोलर प्लांट लगाने पर मिलेंगे 1 करोड़

**कुरुक्षेत्र जिले में 5 हजार से ज्यादा आबादी वाले 21 गांव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर व अन्य।

जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि जिले के 5 हजार से ज्यादा जनसंख्या वाले गांवों में जो भी गांव आगामी 4 अगस्त तक सबसे ज्यादा सोलर प्लांट लगाएगा, उसे केन्द्र सरकार की तरफ से 1 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। चेयरमैन कंवलजीत कौर मंगलवार को स्थानीय पंचायत भवन में जिला परिषद की 125वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों एवं सदस्यों को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि जिले में 5 हजार से ज्यादा जनसंख्या वाले 21 गांव है जो ये सोलर प्लांट लगा सकते है, इसके अलावा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्ती बिजली योजना के बारे में कहा कि इस योजना के तहत सोलर स्ट्रीट लाइटों के लिए 4 हजार की सब्सिडी और 3 किलो से ज्यादा सोलर प्लांट पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने सदस्यों को कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सम्बन्धित गांवों में इसका प्रचार करे। चेयरमैन कंवलजीत कौर ने बैठक में बताया कि स्टाम्प ड्यूटी के माध्यम से 3 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है, इस राशि के तहत विकास कार्य करवाए जाने है। उन्होंने सभी सदस्यों से एक-एक करके विकास कार्यों के बारे में पूछा कि कौन से विकास कार्य आप इस राशि के तहत करवाना चाहते है। बैठक में पिहोवा के गांव दिवाना में पंचायत पेड लगाना चाहती है, इस अनुरोध को सर्वसम्मति से बैठक में पास किया गया। आगामी 5 अगस्त तक हर वार्ड में ई रिक्शा दी जाएगी, इसके लिए जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। बैठक में सदस्यों ने कहा कि गांवों में जो स्ट्रीट लाइट लगी है, वह ठीक प्रकार से काम नहीं कर रही है, इस पर चेयरमैन ने पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए कि संबन्धित एजेंसी से बात करके जल्द से जल्द लाइट ठीक करवा दे। चेयरमैन कंवलजीत कौर ने बताया कि जिले के गांव धौलगढ, ककराला गुजरान, थाना, खैरा व बणी में महिला सांस्कृतिक केंद्र बनाए जा चुके है तथा जिले के 21 गांवों में ई लाइब्रेरी बनाई जा चुकी है। इसके अलावा सभी गांवों में जल्द ही जिम लगाए जाएंगे, इस पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे है तथा प्रदेश सरकार के सिद्धांत सबका साथ-सबका विकास -सबका विश्वास पर जिला परिषद कार्य कर रही है।

### सभी वार्डों में करवाए जा रहे विकास कार्य

*जिला परिषद के वाइस चेयरमैन डीपी चौधरी ने कहा कि जिला परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि जो भी विकास कार्य आपके क्षेत्र में हो रहे है। उन विकास कार्यों को स्वयं भी चैक करे और अगर कोई कमी है तो जिला परिषद के कार्यालिय में बताए। उन्होंने अधिकारियों को भी कहा कि जब भी कोई विकास कार्य शुरू हो तो उसकी सूचना सम्बन्धित सदस्यों को जरूर दी जाए। जिला परिषद के सीईओ शम्भू राठी ने आए हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा मीटिंग के एजेंडे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल, लेखा अधिकारी सत्य भूषण सहित जिला परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।*

## एक पेड़ मां के नाम मुहीम के तहत लगाएं पौधे : नेहा सिंह



- डीसी ने किया गांव रामगढ़ रोड़ में पौधरोपण, गांवों के लोगों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

उपायुक्त कुरुक्षेत्र नेहा सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। इसी कड़ी में सीजन को देखते हुए मंगलवार को गांव रामगढ़ रोड़ के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में पौधारोपण किया गया है। पौधरोपण कार्यक्रम में उपायुक्त नेहा सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी, एसडीएम कपिल कुमार व डीएसपी निर्मल सिंह ने पौधरोपण किया। इस मौके पर गांव की सरपंच के प्रतिनिधि जयप्रकाश मैहला व एसडीएम पिहोवा कपिल कुमार ने उपायुक्त कुरुक्षेत्र नेहा सिंह व भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी का गांव रामगढ़ रोड़ में पंहुचने पर पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त नेहा सिंह ने गांव रामगढ़ रोड़ में नवनिर्मित इंडोर जिम का भी उद्घाटन किया।

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, उप-प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, डीएसपी निर्मल सिंह, बीडीपीओ भजन लाल, पीएचसी डा. हुनर भारद्वाज, खंड शिक्षा अधिकारी संजय शर्मा, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान जितेंद्र खैरा, गांव रामगढ़ रोड़ की सरपंच अल्का, विकल कुमार चौबे धनीरामपुरा, रमेश कुमार ककराला, सुखवीर कलसा, संदीप स्योंसर, बलजीत बाखली, बलविंद्र ईसाक, साधु राम सैनी कराह साहिब, वेदप्रकाश मोहनपुर, विनोद नीमवाला, संदीप मोर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।*

## रिटायर कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर दिया धरना

*संचालन जिला सचिव बलजीत कुंडू ने किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने राज्य कमेटी के निर्णयानुसार उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र पर ओमप्रकाश जिला प्रधान की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया। संचालन जिला सचिव बलजीत कुंडू ने किया। धरने को संबोधित करते हुए राज्य सचिव रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा मान सिंह व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महासचिव संदीप सांगवान ने संयुक्त रूप से बताया कि पेंशन संबंधी वित्त विधेयक 2025 तुंरत प्रभाव से वापस लिया जाए। क्म्यूट की गई राशि 10 साल 8 माह तक ही काटी जाए। करोना काल में काटा गया 18 माह के डीए का एरियर ब्याज सहित दिया जाए। 65 वर्ष की आयु में 10% की वृद्धि व 75 वर्ष की आयु में 20% की वृद्धि की जाए। सभी वरिष्ठ नागरिकों सभी सरकारी व पैनल के हास्पिटलों में मुफ्त इलाज व मेडिकल भत्ता 3000 प्रति माह किया जाए। पहले की तरह सभी वरिष्ठ नागरिकों को हवाई यात्रा व रेलवे के किराए में छूट दी जाए। धरने को दयानंद, महावीर प्रसाद दहिया, रामेश्वर आजाद सुरेंद्र यादव, जितेन्द्र बंसल, संदीप नरवाल, संत कुमार रामफल आदि ने संबोधित किया।

### कुवि ने घोषित किए 50 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 50 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2025 में आयोजित एमपीए 8वां सेमेस्टर, बीएएमसी 6वां सेमेस्टर, बी.ए. फैशन और परिधान डिजाइनिंग (नया) 6वां सेमेस्टर बी.ए. फैशन और परिधान डिजाइनिंग (रि-अपीयर) छठा सेमेस्टर, बीटीएम द्वितीय सेमेस्टर (रि-अपीयर) (एनईपी), एम.ए. (शिक्षा) चतुर्थ सेमेस्टर, बी.वोक. (आतिथ्य प्रबंधन) चतुर्थ सेमेस्टर, बीएएफडी चतुर्थ सेमेस्टर, एम.ए. (इतिहास) चतुर्थ सेमेस्टर सीबीसीएस, योग एवं अनुप्रयुक्त दर्शनशास्त्र में डिप्लोमा, बी.फामेर्सी आठवां सेमेस्टर आदि परिक्षाओं के परिणाम घोषिए किए।

## श्रावण में पार्थिव शिवलिंग पूजन अत्यंत कल्याणकारी: भीम पुरी

*अनेकों शिवायलों में भक्तों का लगा तांता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। पार्थिव पूजन करते महंत भीम पुरी व श्रद्धालु।

भगवान शिव के अति प्रिय श्रावण मास के चलते धर्मनगरी पिहोवा की पावन भूमि पर स्थित अनेक प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिव मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन बड़ी श्रद्धापूर्वक चल रहा है। मां बगलामुखी धाम धनिरामपुरा स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर, श्री संगमेश्वर धाम अरूणाय, सरस्वती सरोवर के तट पर स्थित श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर, आशुतोष महादेव मंदिर, श्रीवशिष्ठेश्वर महादेव मंदिर प्राची तीर्थ, शिव मंदिर ब्रह्मजून तीर्थ, पशुपतिनाथ महादेव मंदिर सहित अनेक शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा महाशिवपुराण की कथाओं ने श्रद्धालुओं की शिव के प्रति आस्था, श्रद्धा और समर्पण भाव को और भी सुदृढ़ कर दिया है, जिसके चलते सुबह से शाम तक शिवालयों में उत्सव जैसा माहौल बना रहता है। सोमेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन का क्रम निरन्तर जारी है। धाम के महंत भीम पुरी महाराज के मार्गदर्शन में पंडित गंगा प्रसाद एव पं अखिलेश तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर पार्थिव शिवलिंग पूजन किया गया।



लाडवा। कांवड़ियों की सेवा करती कॉलेज की छात्राएं।

### कांवड सेवा दल कांवड़ियों के लिए 42 साल से कर रहा सेवा : सुरेश कंसल

**लाडवा।** लाडवा के बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्नक्षेत्र में 11 जुलाई से चल रहे कावड़ सेवा शिविर में भारी संख्या में कांवड़िएं रुक कर सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। कावड़ सेवा शिविर के प्रबंधक सुरेश कंसल ने बताया कि शिविर में इन दिनों रोजाना तीन हजार से ज्यादा कांवरिया इन दो सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। कांवड़ सेवा दल द्वारा कांवड़ियों के लिए पिछले 42 साल से लगाया जा रहा है जिसमें जलपान, भोजन, फलाहार, चिकित्सा व रात्रि विश्राम की निशुल्क व्यवस्था की जाती है। उन्होंने बताया कि वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग व विभिन्न कॉलेजों में पढ़ रहे बच्चे भी कांवड़ियों की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर कोमल, काजल, ज्योति, नैंसी, गुरप्रीत कौर, नीकिता, हरप्रीत कौर, डा जितेन्द्र अग्रवाल, जानकी दास, अशोक चोपड़ा, बालकिशन, भूपिंदर सिंह,हरमेल सिंह आदी कांवड शिविर में सेवा कर रहे हैं।

## सीएम के मीडिया कोऑर्डिनेटर का पिहोवा में व्यापारियों ने किया स्वागत

- महामंत्री विकास गर्ग के कार्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नवनियुक्त मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी का पिहोवा में भव्य स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग के कार्यालय में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में व्यापारी, समाजसेवी व समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विकास गर्ग ने तुषार सैनी को शॉल उठाकर और भगवान गणेश की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तुषार सैनी जैसे युवा का मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़ना पिहोवा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि सैनी अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निभाएंगे तथा सरकार की योजनाओं और जनहितकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में व्यापार संघ के कई पदाधिकारी, युवा नेता और अन्य प्रतिष्ठित नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने तुषार सैनी को उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नवीन गर्ग प्रधान अनाज मंडी, चंद्रगुप्त मंगला सोनू उपप्रधान अनाज मंडी, सतीश सैनी मेम्बर जिला कष्ट निवारण समिति, बंटी सिंगला, वेद प्रकाश गर्ग राजीव थरेजा जिला प्रधान व्यापार मंडल, विजय डांग ब्लॉक प्रधान व्यापार मंडल, सतीश मेहला प्रसिद्ध उद्योगपति, डॉ मनप्रीत सिंह,सुमित मखीजा, गौरव अरोड़ा, तनु गुप्ता आदि मौजूद रहें।




### रोटरी क्लब ने लगाया मेडिकल चेकअप कैंप, 175 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**शाहबाद।** रोटरी क्लब द्वारा सिद्धार्थ हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जिसमें 175 मरीजों का स्वास्थ्य का निरिक्षण किया गया। प्रोजेक्ट के अध्यक्ष डॉक्टर दीपक शर्मा ने कहा कि हमें अपनी सेहत का ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि आजकल बहुत सारी बीमारियां फैल रही हैं इसी के साथ उन्होंने कहा कि हमें समय-समय पर अपना चेकअप करवाना चाहिए ताकि हमारा शरीर निरोग रहे। इस अवसर पर मुख्य सलाहकार राजकुमार गर्ग ने कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना ही हमारी पहली जिम्मेदारी है और कहा जीवन में सबसे बड़ा सुख निरोगी काया है। असिस्टेंट गवर्नर डॉ एस. एस. आहुजा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार लें। रोटरी प्रधान डॉक्टर आर. एस. घुम्मन ने कहा कि अच्छी सेहत हमारे जीवन की नींव है, जब हम अपनी सेहत को प्राथमिकता देते हैं तो हम जीवन का भरपूर आनंद ले सकते हैं और कहां की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है। अंत में रोटरी सचिव विक्रम गुप्ता ने आए हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी सदस्य और हॉस्पिटल का स्टाफ मौजूद था।




### सर्व समाज कल्याण सेवा समिति ने वितरित किए तुलसी के पौधे

**शाहबाद।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति शाहाबाद की ओर से श्रावण मास के पहले मंगलवार को पवित्र तुलसी पौधा वितरण का प्रोग्राम हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर में समिति के प्रधान राजेश सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को आयोजित करने में संस्था के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी का मार्गदर्शन प्रेरणादायक रहा। समिति के प्रधान राजेश सिंगला व बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर के प्रधान सुधीर सूद ने मंदिर में आए श्रद्धालुओं को तुलसी के पौधे बड़े श्रद्धा भाव से वितरित किए और उन्हें हिन्दू धर्म में इसकी पवित्रता के बारे में बताते हुए कहा कि इस पौधे को लक्ष्मी का रूप माना जाता है और इसे घर में लगाने और पूजा करने से सकारात्मक ऊर्जा और सुख समृद्धि आती है। उन्होंने इनके पत्तों के औषधीय गुणों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर आए श्रद्धालुओं ने तुलसी पौधे की पवित्रता और गुणों के बारे में बड़े ध्यान से सुना और तत्पश्चात पौधे ग्रहण किए। कार्यक्रम में समिति के सरंक्षक शाम लाल पोपली, मदन लाल कथूरिया, रणबीर वर्मा, नरेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा, फूल सिंह, इंद्रमोहन वशिष्ठ, सविता मदान, गौरव सिंगला, नरेंद्र गौड, डॉ. रवि कांत शर्मा, संजीव कथूरिया, अनमोल छाबड़ा व आकाश ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**कार्यक्रम** | भारत की भारतीय अवधारणा विषय पर प्राध्यापक गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित

# आध्यात्मिक संस्कृति ही भारत की आत्मा: डॉ. मनमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य का स्वागत करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भारत का इतिहास सदैव गौरव एवं गर्व से परिपूर्ण रहा है। पूरे विश्व में यही भारत की सांस्कृतिक पहचान है। आध्यात्मिक संस्कृति ही भारत की आत्मा है। यहां की लोक सांस्कृतिक आध्यात्मिकता में व्यवसायिकता एवं भारत की धर्म संस्कृति के दर्शन होते हैं। सदियों से चली आ रही इसी परम्परा के आधार पर भारत ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। यह उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. बी.आर. अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र एवं विवेकानंद विचार मंच द्वारा सीनेट हॉल में भारत की भारतीय अवधारणा विषय पर प्राध्यापक गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। इससे पहले डॉ. मनमोहन वैद्य, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, एनआइटी के निदेशक प्रो. बीवी रमन्ना रेड्डी, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल तथा केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि आजादी के पश्चात भारत का सही स्वरूप में मूल्यांकन एंव नीतियों का प्रस्तुतिकरण नहीं हुआ जिसकी बदौलत भारत उसके साथ आजाद होने वाले देशों से आर्थिक प्रगति एवं सांस्कृतिक समृद्धता के क्षेत्र में उतनी प्रगति नहीं कर पाया जितनी होनी चाहिए थी। प्रथम सदी से लेकर 18वीं सदी तक भारत का पूरे विश्व की जीडीपी में 31 प्रतिशत से अधिक योगदान रहा है। भारत का व्यवसायिक स्वरूप यूरोप की नकल नहीं है। भारत स्वयं की पहचान का परिचायक है। इससे पहले केयू डॉ. भीमराव अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने मुख्यातिथि तथा आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया तथा मुख्यातिथि डॉ. मनमोहन वैद्य का आत्मिक परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर शोध संस्थान समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत की भारतीयता में सांस्कृतिक विविधता निहित है। भारत विविध संस्कृतियों का देश है। वर्तमान दौर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारत में भारतीय संस्कृति, भाषा एवं संस्कारों को स्थान दिया गया है।

### एनईपी लागू करने वाला केयू पहला विश्वविद्यायल

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय भारत का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने पूरे देश में सभी प्रावधानों के साथ एनईपी को सर्वप्रथम लागू किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में रोजगारपरकता एवं लोक सांस्कृतिक विविधता का समावेश देखने को मिलता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज का व्याख्यान वास्तव में भारतीय सांस्कृतिक परम्पराओं से जुड़ा हुआ व्याख्यान रहा जिसमें डॉ. मनमोहन वैद्य ने भारत की सांस्कृतिक परम्पराओं एवं धार्मिक संस्कारों एवं सरोकारों को भारतीय परम्परा के अनुसार प्रस्तुत किया है। उन्होंने सभी अतिथियों सहित मीडिया बंधुओं का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन डॉ. संगीता धीर ने किया। इस अवसर पर एनआईटी के निदेशक प्रो. बी.वी. रमना रेड्डी, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह, विजय कुमार नड्डा, संजय, चंद्र, विकास, प्रो. नीलम ढांडा, प्रो.उषा, प्रो. रीटा, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. मोहिन्द्र चांद, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. निर्मला चौधरी, प्रो. अनिल वशिष्ठ, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. कुसुम लता, डॉ. रमेश सिरोही, विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप

### करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में साइंस, कॉमर्स और ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर काउंसलर ग़ज़ल अरोड़ा ने विद्यार्थियों को बदलते दौर में करियर के विभिन्न विकल्पों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब शिक्षा केवल डॉक्टरी और इंजीनियरिंग तक सीमित नहीं रही बल्कि 250 से अधिक ऐसे करियर विकल्प मौजूद हैं।

### कहानी सुनाओ प्रतियोगिता आयोजित

**बराड़ा।** शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में 'कहानी सुनाओ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शैम प्रेप सीनियर के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे प्रॉप्स (सहायक वस्तुओं) के माध्यम से अपनी कहानियों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया, जिससे विद्यालय का वातावरण आनंदमय हो उठा। प्रतियोगिता में अविराज सिंह छाबड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिदक खेत्रपाल और काशवी चौहान ने द्वितीय स्थान साझा किया, जबकि महप्रीत कौर और युतिका गेरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आज एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज प्रांगण में स्टाफ सदस्यों और छात्राओं ने मिलकर पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने छात्राओं को पौधे वितरित किए। उन्हें अपने घर व आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया

### चोरी की मोटरसाइकिल रखने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के रणजीत नगर रोड के पास से नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर प्लेट के चोरी की मोटरसाइकिल रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान आरोपी विनोद कुमार को बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल सहित काबू किया था। बाद में आरोपी ने बताया कि उसने गांव मटहेड़ी से यह बाइक चोरी की है। इसी आधार पर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### अमृतवर्षा' कार्यक्रम का आयोजन बीस को होगा

**बराड़ा।** मुलाना के टंगैल रोड पर स्थित गुरु रविदास महाराज आश्रम में सतगुरु बचनदास महाराज की स्मृति में 'अमृतवर्षा कार्यक्रम' का आयोजन 20 जुलाई को बड़े श्रद्धा-भाव से किया जाएगा। मुख्य सेवादार महंत लक्ष्मी प्रकाश महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन महंत बचनदास चेरिटेबल सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुलाना ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में संगत शामिल होगी।

## रिटायर्ड कर्मचारी 17 सितंबर को जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने को मजबूर

# डीसी कार्यालय पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, पेंशन वित्त विधेयक वापस लेने की मांग

**प्रदर्शनकारियों ने पीएम के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, कई दूसरी मांगों का भी किया जिक्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना




अंबाला। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते पेंशनर्स। फोटो :हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर मंगलवार को जिला भर के पेंशनर्ज ने डीसी कार्यलय पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी संसद में मार्च महीने में पास किए पेंशन वित्त विधेयक को वापिस लेने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारीयों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। जिला प्रधान कुलदीप चौहान व सचिव दयाल सैनी ने कहा कि संसद में पारित वित्त विधेयक के भाग 4 से पेंशनभोगियो में बेचैनी है। यह संवैधानिक सिद्धांतों, न्याययिक जनादेशों व पेंशनभोगियो की गरिमा के साथ विश्वासघात करता है।विशेष रूप से आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के संदर्भ में यह संशोधन केंद्र सरकार को पेंशनभोगियों को भूत, वर्तमान और भविष्य तीन हिस्सों में वर्गीकृत करने का मनमाना अधिकार देता है। जबकि लंबे समय से देश के हर वेतन आयोग की रिपोर्ट का लाभ बिना किसी भेदभाव के कार्यरत कर्मियों के साथ ही सभी रिटायर्ड को भी मिलता रहा है। इसलिए केंद्र की मोदी सरकार कान खोल कर सुनले पेंशन के साथ कोई छेड़छाड़ या बदलाव किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं होगा। संगठन के राज्य उप सचिव करनैल सिंह व दलबीर सोढ़ी ने कहा कि सरकार द्वारा पारित विधेयक से पेंशनर्ज में भारी गुस्सा है। जिसे भांपकर केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक स्पष्टीकरण जरूर दिया कि संशोधन मौजूदा पेंशन में कोई बदलाव नहीं करेगा। परंतु इससे पेंशनर्ज की शंकाएं दूर नहीं होती क्योंकि संसद से विधेयक पास हो चुका है। इसलिए सरकार को यदि वास्तव में पेंशनर्ज के हकों की चिंता है तो विधेयक को बिना किसी देरी के संसद में वापिस लेना चाहिए। यदि सरकार ऐसा नहीं करती तो 17 सितंबर को देश भर के रिटायर्ड कर्मचारी जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। पेंशनर्स ने सरकार के सामने पेंशन वित्त विधेयक 2025 वापिस लेने, पेंशन कम्यूटेशन की राशि को 15 साल की बजाए 11 साल तक काटे जाने, 65 वर्ष की आयु में 10% व 75 वर्ष की आयु में 20% पेंशन में बढ़ोतरी करने की मांग रखी।

# सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की



अंबाला। सहयोगी के निलंबन के विरोध में प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सब डिवीजन नंबर 2 में एलडीसी गुरविंदर के निलंबन के विरोध में यूनियन ने दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता उप प्रधान रोशन लाल ने की जबकि मंच संचालन सचिव गुरमीत सिंह ने संभाला। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव ने बताया कि अधिकारियों द्वारा गुरविंदर के निलंबन का कारण यह बताया जा रहा है कि उन्होंने उपभोक्ता को नोटिस दिए बिना कार्रवाई कर दी जबकि पहले नोटिस देना जरूरी होता है। यूनियन ने इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए तुरंत निलंबन वापस लेने की मांग की है। यूनियन नेताओं ने कहा कि राइट टू सर्विस एक्ट के तहत मीटर पीडीसीओ के लिए सात दिन का समय तय है। अगर सात दिन में मीटर नहीं उतारा गया और खाता बंद नहीं किया गया तो कर्मचारियों को नोटिस दिया जाता है। यूनियन के मुताबिक रुटीन कार्यों में उपभोक्ताओं को पहले नोटिस नहीं दिया जाता। अगर मौके पर कोई उपभोक्ता मीटर उतारने का विरोध करता है तभी कार्रवाई रोक दी जाती है और बाद में नोटिस दिया जाता है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि जिस मीटर को गुरविंदर ने हटाया उस पर किसी ने कोई विरोध नहीं किया। वह स्थान खंडहर था। आसपास का मकान भी गिरा हुआ था। गेट पर ताला लगा था जिससे साफ था कि वहां कोई रह नहीं रहा था। यूनियन ने इसे पूरी तरह से नियमों के अनुसार की गई कार्रवाई बताया और गुरविंदर का निलंबन रद्द करने की मांग दोहराई। बता दें कि अंबाला कैंट के बर्फखाना में 85 साल से रहे परिवार का मीटर उतारने के मामले में कार्रवाई हुई थी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निर्देश पर एलडीसी गुरविंदर सिंह को निलंबित कर दिया गया था।

# कांवड़ यात्रा की वजह से हरिद्वार जाने वाला रूट किया डायवर्ट

- रुड़की व लक्सर से होकर बस चालकों को पहुंचना पड़ रहा है हरिद्वार, उत्तराखंड सरकार की ओर से रुट किए गए डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांवड़ यात्रा के चलते हरिद्वार जाने वाले रूट को उत्तराखंड सरकार की ओर से डायवर्ट कर दिया गया है। इसके कारण रोडवेज की बसों के चालकों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज बस चालक पहले उत्तर प्रदेश फिर उत्तराखंड में परेशान हो रहे हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड प्रशासन की ओर से किए गए रूट डायवर्ट के कारण डिपो की बसें अंदर तक नहीं जा रही हैं। बसें कभी रूडकी बाइपास तो कभी वाया लक्सर से होते हुए हरिद्वार पहुंच रही हैं। पहले अंबाला डिपो की बसें उत्तरप्रदेश के सरसावा के अंदर बस स्टैंड तक जाती थी। इसके बाद यह बस सहारनपुर बस स्टैंड घंटाघर चौक पर रूकने के बाद छुटमलपुर, भगवानपुर, रूडकी, भादराबाद, ज्वालापुर होते हुए हरिद्वार पहुंचती थी। सावन माह में रोडवेज की बसें सरसावा से अंदर बस स्टैंड तक नहीं जा रही है। यह बसें सरसावा बाइपास से गागलहेडी, छुटमुलपुर शहर से भगवानपुर, रूडकी, भादराबाद, ज्वालापुर होते हुए हरिद्वार जा रही हैं। इसी तरह से वापसी में हरिद्वार से यह बस सिंह द्वार स्टैंड से वाया लक्सर, रूडकी बाइपास से भगवानपुर, छुटमलपुर होते सरसावा, यमुना नगर होते हुए अंबाला कैंट आ रही हैं। अंबाला कैंट बस स्टैंड से सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर पहली बस यात्रियों को लेकर हरिद्वार के लिए रवाना होती है।

# फोस्टर पैरेंट्स बनने का मिलेगा मौका, बच्चे की परवरिश के लिए हर महीने मिलेंगे 4000 रुपये

## महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुरू की गई है फोस्टर केयर सुविधा, तीन साल तक बच्चे की परवरिश का मिलेगा मौका

- दंपती की आयु 35 वर्ष से अधिक हो। मानसिक और शारीरिक रूप स्वस्थ होने चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा फोस्टर केयर सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के तहत एक या एक से अधिक बच्चे जो की बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे हैं। गोद प्रक्रिया के लिए कानूनी रूप से मुक्त है। काफी समय से पोर्टल पर अपलोड होने के उपरांत भी किसी ने उन्हें गोद लेने हेतु रिजर्व भी नही किया है। न ही गोद लिया हैं। इस तरह के हार्डली प्लेसड इन एडॉप्शन श्रेणी के बच्चे या बच्चों को इच्छुक परिवार में अल्प समय अवधि (तीन वर्ष से अधिक नहीं) के लिए उसकी उचित देखभाल और उचित पालन पोषण और परिवारिक मुख्यधारा से जोडऩे लिए दिया जाता है। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं या फिर कारागार में होने के कारण बच्चे का पालन पोषण करने में असक्षम हैं। दंपति जो फोस्टर पेरेंट्स बन सकते हैं वे दोनों भारतीय होने चाहिए। दोनों एक ही बच्चे को फोस्टर केयर में लेना चाहते हो। दोनों की आयु 35 वर्ष से अधिक हो। मानसिक और शारीरिक रूप स्वस्थ होने चाहिए।

बच्चे की मुलभुत सुविधाओ को बिना सरकारी मदद के भी पूरा करने में सक्षम हो वे बच्चे को फोस्टर केयर अवधि पूर्ण होने पर वापिस कार्यालय में भेजने में तैयार हों। उनका कोई भी किसी भी तरह का आपराधिक रिकॉर्ड न हों। परिवार बच्चे के किसी भी बाल अधिकार का हनन न किया हो। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए जिला बाल सरंक्षण अधिकारी , जिला बाल सरंक्षण इकाई में ईमेल के जरिए आवेदन करना होगा।

### बच्चे का फॉलोअप भी लिया जाएगा

*जिला बाल सरंक्षण अधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत फोस्टर पेरेंट्स को विभाग द्वारा बच्चे के पालन पोषण हेतु 4000/- रुपये मासिक का भी लाभ दिया जाएगा। समय समय पर नियमों के अनुरूप विभाग द्वारा बच्चें का फॉलोअप भी लिया जाएगा। फोस्टर केयर एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें एक बच्चा अस्थायी रूप से किसी परिवार जो की उसके माता-पिता या परिवार से संबंधित नहीं है उसके साथ रहता है। वह परिवार ही उसकी देखभाल और उचित पालन-पोषण करता है जिस बच्चे के माता पिता उसका पालन, पोषण करने में सक्षम नहीं है। जो बच्चे बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे हैं। गोद प्रक्रिया के लिए क़ानूनी रूप से मुक्त हैं। परंतु एक वर्ष से कैरिंग पर अपलोड होने पर भी किसी ने उन्हें गोद नहीं लिया है।*

### मेयर को अधिकारी नहीं दे रहे सम्मान

**अंबाला।** निगम की मेयर शैलजा सचदेवा के पति एडवोकेट संदीप सचदेवा ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। साथ ही कार्यालय को लेकर भी अधिकारियों पर उंगली उठाई। उनका कहना कि मेयर अंबाला की प्रथम नागरिक है लेकिन अधिकारी प्रोटोकॉल के हिसाब से मान सम्मान नहीं दे रहे हैं। मेयर के पति और मनोनीत सदस्य संदीप सचदेवा के अनुसार यह सब राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कार्यालय के दो रास्ते थे लेकिन अब केवल एक ही रास्ता है। शहर की प्रथम नागरिक होने के बावजूद अधिकारी मेयर के प्रोटोकॉल का ध्यान नहीं रख रहे हैं। कार्यालय विवाद की शुरुआत शपथ ग्रहण के तुरंत बाद हुई जब मेयर को कार्यालय नहीं मिला। कार्यालय के उद्घाटन समारोह में भी विवाद देखने को मिला पूर्व मंत्री असीम गोयल और जिलाध्यक्ष मंदीप राणा भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

# मेडिटेशन हमें रियल सेल्फी खींचना सिखाता है: शैली

## विशेष युवा कौशल दिवस पर आयोजित शानदार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में बीके बहनों के साथ मौजूद युवा। फोटो :हरिभूमि

अंबाला छावनी के दयाबाग स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विशेष युवा कौशल दिवस एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेमिनार में युवाओं को स्वयंम को सक्षम बनाने के लिए मोटिवेट किया गया इसके साथ ही तकनीकी युग में स्वयं को साधनों का इस्तेमाल करते हुए इनमें फंसने से बचाना बताया गया।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने बताया कि बहुत तरह के स्किल हैं। इन सभी स्किल को स्वयं में समाने के लिए हमें एकाग्रता चाहिए। कोई भी काम को करते समय आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हिम्मत और साहस होनी चाहिए। काम को दोबारा शुरू करने के लिए आत्म विश्वास चाहिए। किसी से कुछ सीखने के लिए आज्ञाकारिता चाहिए जो सिखाया गया उसे याद करने के लिए लर्निंग पावर का स्किल चाहिए। यह सारी चीज बाहर की नहीं है इसके लिए हमें अपने मन को मजबूत बनाना होगा हमारे अंतर्मन की इन शक्तियों को जागृत करने के लिए जो विधि ब्रह्माकुमारीज संस्था सिखाते हैं वह है मेडिटेशन। मेडिटेशन सिर्फ़ मन को शांत करने के लिए ही नहीं बल्कि इससे अंतर्मन की शक्तियां भी जागृत होती है। मोबाइल में जो हम सेल्फी खींचते हैं उसमें हमारा गुण हमें दिखाई देता है। यह तो आर्टिफिशियल सेल्फी हो गई जबकि मेडिटेशन हमें रियल सेल्फी खींचना सिखाता है। वक्ता ब्रह्माकुमार राकेश मेहता भाई ने बताया भारत यंगेस्ट कंट्री इन द वर्ल्ड है। अर्थात भारत में जो जनसंख्या है उसमें से लगभग 65% जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु के लोगों की है। युवाओं को कोई भी प्रकार के शॉर्टकट को अपने जीवन में अपनाने से अवॉइड करना है। डॉ. अनमोलिका ने बताया अपनी विशेषता अनुसार ही अपने करियर का चुनाव करने से ही हम जीवन में उन्नति पा सकते हैं। हमें अपने लक्ष्य को इतना महान बनाना है की उसे हासिल करने के लिए हमें मेहनत से पीछे नहीं हटना। सब जॉन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सबको अपने आशीर्वचन दिए। बीके सुनील भाई ने बहुत सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने मन संचालन किया।

# एसडीजी पुस्तक वर्तमान समझ और नई संभावनाओं की खोज: सचदेवा



- कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया एस.डी.जी. पुस्तक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. (डॉ.) ए.आर. चौधरी, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. संजीव कादयान, सुखबीर सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार, श्रीमती रजनी देवी द्वारा सम्पादिक पुस्तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) वर्तमान समझ और नई संभावनाओं की खोज का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुस्तक के सम्पादको को बधाई देते हुए कहा कि यह संपादित खंड, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) वर्तमान समझ और नई संभावनाओं की खोज, एक सामयिक अकादमिक प्रयास है जो हमारे ज्ञान को गहन करने और वर्तमान विमर्श की सीमाओं का विस्तार करने के लिए बहु-विषयक अंतर्दृष्टि, क्षेत्र-आधारित साक्ष्य और दूरदर्शी विचारों को एक साथ लाता है। पुस्तक के सम्पादक प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि यह पुस्तक इंदु बुक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित है।

## राजमार्ग किनारे हुए कब्जों के खिलाफ कार्रवाई, नप ने किया सामान जब्त

**अंबाला।** राजमार्ग पर अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को नगर परिषद ने कार्रवाई की। इस दौरान दुकानदारों, शॉपिंग कांप्लेक्स संचालकों और सड़क किनारे खड़े होने वाले फड़ी संचालकों का सामान जब्त किया गया। इसके साथ ही एक जेनरेटर को भी जब्त किया गया। हालांकि संचालकों को जेनरेटर छत के ऊपर रखवाने की चेतावनी देते हुए बाद में छोड़ दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के सचिव राजेश कुमा साथ रहे। उन्होंने एक-एक दुकान पर जाकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी। इधर नगर परिषद की टीम को देखते ही दुकानदार सर्विस लेन पर फैले अपने सामान को समेटने में जुटे दिखाई दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### प्रतियोगिता के पुरस्कार नहीं दिए जाने पर सौंपा मांगपत्र

**कुरुक्षेत्र।** राज्य मंत्री राजेश नागर के आदेश के बावजूद इनसाइट्स गीता चैलेंज वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता के पुरस्कार नहीं दिए जाने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा और जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती 2024 के अंतर्गत, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं केडीबी कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में अक्टूबर 2024 में ह्लगीता इनसाइट्स चैलेंज/" वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के विजेताओं को नवंबर 2024 में पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई थी।.किंतु 8 महीने बीत जाने के बाद भी अब तक विजेताओं को पुरस्कार नहीं दिए गए हैं।

## कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम सचिव को नोटिस जारी

# नहीं होने दिया जाए कोई भी अवैध कब्जा: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ग्राम सचिवों की बैठक को संबोधित करते।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि ग्राम सचिव यदि ग्रामीण क्षेत्र में धरातल पर कार्य जिम्मेदारी से करेंगे तो वे गांव के विकास करके जिला, प्रदेश व देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी ग्राम सचिवों को कहा कि वे हरियाणा पंचायती राज एक्ट 1994 के सेक्शन 15 में दर्शायी गई डयूटी को अवश्य पढ़े तथा उसी के अनुसार ही कार्य करें। कार्य में लापरवाही बरतने वाले अजीमगढ़ के ग्राम सचिव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में खंड गुहला के सभी ग्राम सचिवों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह गांव में चल रहे विकास कार्यों व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रशासन के संज्ञान में लाएं। पंचायत के अकाउंट को अपडेट करना, ग्राम पंचायत रेजुलेशन, ग्राम सभा का आयोजन करवाना, ऑडिट पैरा की रिपोर्ट बीडीपीओ कार्यालय में जमा करवाना, कैशबुक अपडेट रखना आदि कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में पंचायती भूमि पर कोई भी अवैध कब्जा न होने दें। यदि कहीं इस प्रकार की जानकारी मिलती है तो यह अपने उच्चाधिकारियों के संज्ञान में जरूर लाएं। यह जानकारी बीडीपीओ को भेजी जाए और बीडीपीओ सरपंच के माध्यम से अवैध कब्जे को हटाने कार्य किया जाएगा। यदि इसके बावजूद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया जाता है तो संबंधित सरपंच के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। ग्राम पंचायतों के रिसोर्स का गलत प्रयोग न हो। ग्राम सचिव प्रशासन के आंख व कान होते हैं, इसलिए सूचनाओं का आदान-प्रदान प्रो-एक्टिव तरीके से किया जाए। सभी अपनी डयूटी को ईमानदारी, जिम्मेदारी व कर्तव्य निष्ठा से निभाएं। बिना भेदभाव के कार्य करें। सरपंचों के दबाव में आकर कोई भी गलत कार्य न करें। कोई भी ग्राम सचिव अपने कार्य में लापरवाही नहीं बरतें। यदि लापरवाही का कोई मामला संज्ञान में आएगा तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कोई भी रिपोर्ट या जानकारी है वह लिखित रूप में भिजवाई जाए।